हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026

11 छोटूराम नगर के पास रेलवे लाइन बनी डेथ जोन



12 हुड्डा गुट के विधायकों ने सद्भावना यात्रा से बनाई दूरी



## खबर संक्षेप

### अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें नागरिकः डीसी

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने जिलावासियों से अवैध कॉलोनियों में प्लाट न खरीदने का आह्वान किया है। जिला प्रशासन अवैध कॉलोनियों को गिराने के लिए निरंतर अभियान चला रहा है। उन्होंने एसडीएम, जिला राजस्व अधिकारी व तहसीलदार को निर्देश दिए कि वे जिला नगर योजनाकार द्वारा चिन्हित खसरा नंबर में रजिस्ट्री व इन्तकाल न करें। इसके अलावा बिजली निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित क्षेत्र में बिजली कनेक्शन जारी नहीं किए जाएं। जिला नगर योजनाकार अंजू ने बताया कि झज्जर क्षेत्र के खसरा नंबर 273//14, 17/1, 17/2, 181 को चिन्हित किया गया है।

### कस्बा बेरी में आज लगेगी बिजली अदालत

**झज्जर।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम बेरी द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से शुक्रवार को सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक बिजली अदालत एवं उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम का आयोजन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी अभियंता, प्रवर्तन मंडल, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम बेरी द्वारा की जाएगी, जबकि नोडल अधिकारी के रूप में उपमंडल अधिकारी बेरी उपस्थित रहेंगे।

### 15वीं एथलेटिक्स चैंपियनशिप 26 को

**बहादुरगढ़।** जिला एथलेटिक संघ के महासचिव भीम अवॉर्डी चरण सिंह राठी ने बताया कि 15वीं जिला झज्जर जूनियर (अंडर-20) व छठी जिला झज्जर सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप (लड़के व लड़कियों) का आयोजन 26 अप्रैल को भिंडावास खेल परिसर में किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन एथलेटिक्स संघ झज्जर द्वारा भिंडावास जनशक्ति युवा क्लब के सहयोग से किया जाएगा। इसमें 1 अप्रैल 2026 को 16 वर्ष आयु पूरी करने वाले खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष जयप्रकाश जाखड़ के तकनीकी निर्देशन में प्रतियोगिता होगी। खिलाड़ी झज्जर जिले का होना चाहिए।

### नेहरू कॉलेज का दीक्षांत समारोह 28 अप्रैल को

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोतर नेहरू महाविद्यालय का 57वां दीक्षांत एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 28 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां की कुलपति प्रोफेसर सुदेश इस समारोह की मुख्य अतिथि होंगी। महाविद्यालय के प्राचार्य दलबीर सिंह ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने सत्र 2024-25 के दौरान नेहरू कॉलेज से स्नातक एवं स्नातकोत्तर की परीक्षा उत्तीर्ण की है, उनको दीक्षांत समारोह में डिग्री दी जाएगी। साथ ही सत्र 2023-24 और 2024-25 के दौरान शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद, एनएसएस, एनसीसी, यूथ रेडक्रॉस क्लब आदि गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

### बादली कॉलेज में 28 को होगा दीक्षांत समारोह

**बहादुरगढ़।** बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में 28 अप्रैल को दीक्षांत एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य मेजर आनंद काद्यान ने बताया कि समारोह में कॉलेज के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को उनकी डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में जेएनयू के प्रोफेसर मदन मोहन विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे।

**अलर्ट : पिछली बरसात में जलभराव के कारण बहादुरगढ़ में बन गए थे बाढ़ जैसे हालात, बुलानी पड़ी थी सेना**

# मुंगेशपुर ड्रेन के तटबंध हो रहे मजबूत, एसडीएम ने किया कार्य का निरीक्षण

मुंगेशपुर ड्रेन के ओवरफ्लो होने से हुआ था जलभराव, मॉनसून से पहले कर रहे तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मुंगेशपुर ड्रेन के तटबंधों को मजबूत करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी क्रम में एसडीएम अभिनव सिवाच ने वीरवार को मौके पर पहुंचकर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गौरतलब है कि पिछली बरसात में जलभरव के कारण बाढ़ जैसे हालात हो गए थे। जिससे निपटने के लिए सेना भी बुलानी पड़ी थी।

वीरवार को निरीक्षण के दौरान एसडीएम अभिनव सिवाच ने ड्रेन के तटबंधों की मजबूती, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता तथा कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए तथा गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष हुई समस्या को देखते तथा आगामी बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए ड्रेन की क्षमता और मजबूती सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है ताकि जलभराव जैसी समस्याओं से क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके। एसडीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य स्थल पर नियमित निगरानी रखी जाए और सभी सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने साफ चेताया कि इस काम में यदि लापरवाही पाई गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।



**बहादुरगढ़।** तटबंध मजबूत करने के काम का जायजा लेते एसडीएम अभिनव सिवाच।

### शहर में 4-5 फीट तक भर गया था पानी

बता दें कि मुंगेशपुर ड्रेन के ओवरफ्लो होकर टूटने से बहादुरगढ़ में हालात भयावह हो गए थे। शहर के आधुनिक औद्योगिक संपदा, छोटूराम नगर और विवेकानंद नगर में 4-5 फीट तक पानी भर गया था। जलस्तर लगातार बढ़ने से हालात बाढ़ की भांति खराब हो गए थे। उस आपदा के कारण लोगों को अपने घरों से पलायन करने को मजबूर होना पड़ा था। एमआईई में मारुति के स्टॉकयार्ड में 150 से अधिक गाड़ियां पानी में डूब गई थी। हालात से निपटने के लिए हिसार से सेना को बुलाया गया था और एसडीआरएफ की टीमें भी लगातार तैनात रही। प्रशासन का प्रयास है कि दोबारा क्षेत्र में ऐसे हालात ना बनने पाएं।

**गांव बहू की सीमा के साथ लगते खेतों में बड़ी वारदात**

# खेत में किसान की साथियों ने गोली मारकर की हत्या, पांच पर केस दर्ज

- अक्सर खेत में बने कमरे में रुक जाता था योगेश, आरोपी भी खेतों में रखवाली का करते थे काम
- मृतक योगेश अपने पीछे दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव बहू की सीमा में लगते खेतों में एक युवक की उसके ही साथियों ने गोली मारकर हत्या करने की वारदात को अंजाम दिया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से मामले की जानकारी ली, एफएसएल टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाएं। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मृतक की पहचान चरखी दादरी जिले के नोसवा गांव निवासी करीब 30 वर्षीय योगेश धांगड़ पुत्र तेजेंद्र सिंह के तौर पर हुई है। मृतक योगेश अपने पीछे दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है।

पुलिस को दी शिकायत में मृतक के पिता तेजेंद्र सिंह ने बताया कि बहू गांव की सीमा में उनके खेत लगते हैं, जिसमें एक ट्यूबवेल व कमरा बना हुआ है। खेत में काम करने के दौरान मेरा लड़का योगेश वहां रुक जाता था। बुधवार की देर शाम करीब आठ बजे योगेश खेत में बने ट्यूबवेल पर आया था। वहीं, पशुओं से फसल की रखवाली करने वाले युवक भी रहते थे। उन्होंने किसी विवाद के चलते उसके पुत्र की गोली मारकर हत्या की है। तेजेंद्र द्वारा इस संबंध में राहुल, शिवा, कर्म, संदीप और पिन्नु पर हत्या का आरोप लगाया है। अब यह जांच का विषय है कि उनके बीच किस बात को लेकर विवाद हुआ है। बताया जा रहा है कि योगेश उन्हें जानता था। ऐसे में गोली मारने की वारदात किन परिस्थितियों व कारणों से हुई, यह पुलिस जांच का विषय है।





**झज्जर।** नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

### चिकित्सकीय बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया

मामले के जांच अधिकारी राहुल ने बताया कि शव का एक्स-रे कराया गया है। उसके बाद चिकित्सकीय बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया है। मृतक के पिता की शिकायत पर कुछ नामदज आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# फैक्ट्री सहित तीन स्थानों पर आग लगी

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-4बी में स्थित एक कंपनी में वीरवार की दोपहर को आग लग गई। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने दो गाड़ियों के सहारे आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार, कंपनी में गाड़ियों की लाइट बनाई जाती है। वीरवार की दोपहर को काम चल रहा था। इसी दौरान एक हिस्से में आग लग गई। कर्मचारियों ने अपने स्तर पर आग बुझाने के प्रयास शुरू किए और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना पर दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। कुछ ही समय में आग पर नियंत्रण पा लिया गया। आग से कंपनी में रखा कुछ माल जल गया।

- सेक्टर-4बी में गाड़ियों की लाइट बनाने वाली कंपनी में नुकसान

उधर, गांव नूना माजरा में भी झाड़ियों में आग लग गई। दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर आग बुझाई। इसी तरह बादली रोड पर एक हाउसिंग सोसाइटी के निकट भी कचरे के ढेर में आग लग गई।

**बाघपुर में आंगन में सोता रहा परिवार, अंदर घुसे चोर**

# जेवर व नकदी से भरी तिजोरी घर से चुराई, खाली कर खेतों में फेंकी





**झज्जर।** चोरों द्वारा तोड़ा गया मकान का जंगला व खाली की गई तिजोरी।

- सोने व चांदी के जेवर, चांदी के सिक्के व एक लाख रुपये चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव बाघपुर के एक मकान में चोरों द्वारा नकदी व आभूषण चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित आनंद पुत्र महेंद्र सिंह ने बताया कि वह जमींदारे का काम करता है। बुधवार रात वह अपने परिवार सहित घर के आंगन में सो रहा था। वीरवार अलसुबह करीब पांच बजे जब वह उठा तो उसके घर का जंगला टूटा हुआ था। जब उसने कमरों के अंदर पहुंचकर देखा तो कमरे से तिजोरी गायब थी। जब उसने आसपास तलाश की तो उसकी तिजोरी खेतों में पड़ी मिली जिसका ताला टूटा हुआ था।

ऐसे में उसकी तिजोरी के अंदर रखे सोने व चांदी के जेवर, चांदी के सिक्के व करीब एक लाख रुपये की नकदी सहित आवश्यक दस्तावेज चोरी हो गए। चोरी हुए दस्तावेजों में एक ट्रैक्टर की आरसी, फैमिली आईडी, वोटर कार्ड व आधार कार्ड शामिल हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आवश्यक साक्ष्य भी जुटाए। पुलिस द्वारा इस संबंध में मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# मातनहेल के पास बुलेरो की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

गांव मातनहेल के नजदीक एक तेज रफ्तार बुलेरो गाड़ी ने स्कूटी सवार महिला को टक्कर मार दी, जिस कारण उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान क्षेत्र के गांव छुछकवास निवासी करीब 22 वर्षीया नेहा पत्नी दीपक के तौर पर हुई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल के शवगृह भिजवाया।

मामले के जांच अधिकारी महेश ने बताया कि नेहा मातनहेल के एक निजी अस्पताल में अप्रेंटिस कर रही थी। वह सुबह जब स्कूटी पर सवार होकर ड्यूटी जा रही थी तो उसे बुलेरो गाड़ी ने टक्कर मार दी। इस संबंध में मृतका के पति दीपक पुत्र बलवान सिंह की शिकायत पर आरोपी बुलेरो चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### बस से गिरकर छात्रा चोटिल

**बहादुरगढ़।** नूना माजरा में एक छात्रा बस से गिर गई। उसके सिर में चोट आई। हालांकि प्राथमिक उपचार के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी मिल गई। जानकारी के अनुसार, गांव सिलोठी की करीब 16 वर्षीय छात्रा गांव नूना माजरा के सरकारी स्कूल में पढ़ती है। वीरवार की सुबह वह स्कूल जाने के लिए एक निजी बस में सवार हुई। नूना माजरा में बस पहुंची तो भीड़भाड़ अधिक थी। वह स्टैंड पर नहीं उतर सकी और एकाएक गिर गई। उसे बहादुरगढ़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि शाम तक इस संबंध में पुलिस को शिकायत नहीं दी गई थी।

### निजी बसों में भी पास मान्य होंगे : हुड्डा

**बहादुरगढ़।** जिला परिवहन अधिकारी रविश हुड्डा ने जिले में संचालित सभी सहकारी परिवहन समितियों एवं निजी बस संचालकों को स्टेज कैरिज स्कीम-2016 के नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सभी परमिट धारकों के लिए यह अनिवार्य है कि वे छात्रों एवं रियायती या मुफ्त पास धारकों को वही यात्रा सुविधा उपलब्ध कराएं, जो हरियाणा रोडवेज द्वारा प्रदान की जाती है या निर्धारित की जाती है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि किसी भी बस संचालक द्वारा नियमों की अनदेखी की जाती है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित संचालक की होगी।

# आरटीई के तहत सत्यापन का आज अंतिम दिन

- बहादुरगढ़ ब्लॉक में 160 से अधिक निजी स्कूलों में आरटीई अधिनियम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के दाखिले करवाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शिक्षा विभाग ने शिक्षा का अधिकार के तहत आवेदन पत्रों के दस्तावेजों की भौतिक जांच शुरू कर दी है। आरटीई अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में सत्र 2026-27 के लिए दाखिले की प्रक्रिया तेज हो गई है। ऑनलाइन ड्रा निकालने से पहले शिक्षा विभाग के अधिकारी खंड स्तर पर दस्तावेजों की गहन जांच कर रहे हैं।

खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर कमेटी के सदस्य विभागीय निर्देशों के अनुसार दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया शुक्रवार 24 अप्रैल तक चलेगी। अभिभावक अपने बच्चों के आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, आय प्रमाण पत्र और निवास स्थान प्रमाण पत्र सहित अन्य जरूरी दस्तावेज लेकर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंच रहे हैं। कमेटी सदस्य प्राचार्य रवि धनखड़ और कविता सहरावत दस्तावेजों की जांच करने में जुटे हुए हैं। बहादुरगढ़ ब्लॉक में 160 से अधिक मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में आरटीई अधिनियम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के दाखिले करवाए जाएंगे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजबाला मलिक ने कहा कि 24 अप्रैल के बाद अंतिम सूची तैयार की जाएगी। अभिभावक अपने खंड शिक्षा कार्यालय में जाकर शुक्रवार तक दस्तावेजों का सत्यापन अवश्य कराएं।



**बहादुरगढ़।** बीईओ कार्यालय में दस्तावेजों का सत्यापन करते कमेटी सदस्य।

**अलर्ट** | **सीएमओ ने ली स्वास्थ्य संस्थानों के इंचार्ज एवं अधिकारियों की बैठक**

# स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकती है लू, दोपहर में सिर ढककर ही निकलें, पानी पीते रहें

दोपहर 11 बजे से 3 बजे तक धूप में बाहर जाने से बचें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

भीषण गर्मी के चलते जिले में हीट वेव का खतरा लगातार बढ़ रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए सीएमओ डॉक्टर मंजू कादियान ने वीरवार को जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों के इंचार्ज एवं अधिकारियों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अत्यधिक तापमान के कारण शरीर में पानी एवं नमक की कमी हो जाती है, जिससे शरीर का तापमान असामान्य रूप से बढ़ जाता है और व्यक्ति लू का शिकार हो सकता है। यदि समय रहते सावधानी न बरती जाए तो यह स्थिति गंभीर रूप ले सकती है। बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि लू के प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार, चक्कर आना, उल्टी, सिरदर्द, अत्यधिक कमजोरी, त्वचा का सूखना एवं बेहोशी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आमजन को इन लक्षणों के प्रति जागरूक करना बेहद आवश्यक है ताकि समय रहते उचित कदम उठाए जा सकें।

**लू के दिनों में ये बरतें सावधानियां :** दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी एवं तरल पदार्थों का सेवन करें। धूप में निकलते समय सिर को कपड़े या टोपी से ढकें, हल्के, ढीले एवं सूती कपड़े पहनें। दोपहर 11 बजे से 3 बजे तक धूप में बाहर जाने से बचें। घर से बाहर निकलते समय पानी साथ लेकर चलें। ओआरएस घोल, नींबू पानी व छाछ आदि का सेवन करें। अधिक पसीना आने पर शरीर में पानी एवं नमक की कमी को पूरा करें। बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं एवं बीमार व्यक्तियों को लू से अधिक खतरा होता है, इसलिए उन्हें विशेष देखभाल की आवश्यकता है। लू लगने की स्थिति में मरीज को तुरंत ठंडी जगह पर ले जाएं, शरीर को ठंडे पानी से पोंछें तथा नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में शीघ्र उपचार करवाएं।



**झज्जर।** बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए सीएमओ।

### रात में भी सता रही गर्मी

**बहादुरगढ़।** गर्मी अपने तीखे तेवर दिखा रही है। इलाके में वीरवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि न्यूनतम 27 डिग्री दर्ज किया गया। आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी होने की संभावना है। तेज धूप और लू जैसे गर्म हवा के झोंकों ने दोपहर के समय हालात भी मुश्किल कर दिए हैं। दोपहर में सड़कों पर आवाजाही कम हो गई है और लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। गर्मी का असर केवल दिन में ही नहीं, बल्कि रात में भी महसूस किया जा रहा है।

# महिला के गले से सोने की चेन झपट ले गए शातिर

**बहादुरगढ़।** शहर में चेन स्नेचिंग की वारदात थमने का नाम नहीं ले रहीं। ताजा मामला मॉडल टाउन का है। यहां बाइक पर सवार होकर आए दो शातिरों ने एक महिला के गले से सोने की चेन झपटी और फरार हो गए। वारदात पालिका कॉलोनी की निवासी सुशीला देवी के साथ हुई है। सुशीला का कहना है कि बुधवार शाम करीब छह बजे वह मॉडल टाउन स्थित अपनी सहेली सीमा ग्रोवर के घर मिठाई देने गई थीं। इसी दौरान अचानक बाइक पर सवार दो अज्ञात युवक आए और गले से सोने की चेन तोड़कर फरार हो गए। एकाएक हुई वारदात से वह सहम गई। शोर मचाया लेकिन जब तक लोग इकट्ठे होते, शातिर फरार हो चुके थे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात सुलझा ली जाएगी।

मॉडल टाउन में बाइक सवारों ने की वारदात

बच्चो, तुमने तोते या किसी अन्य जंतु को मनुष्य की आवाज या विभिन्न तरह की ध्वनियों की नकल करते सुना होगा। ये पशु-पक्षी क्यों और कैसे आवाजों की नकल कर लेते हैं, इस बारे में जानो।



# आवाजों की नकल करने में माहिर होते हैं कुछ पशु-पक्षी

जानकारी
शिखर चंद जैन

बच्चो, कुछ पशु-पक्षियों में इंसान की बोली की नकल करने की क्षमता पाई जाती है। कई जंतु तो ऐसे भी होते हैं, जो मनुष्य की बोली के अलावा अन्य स्रोतों से आ रही आवाजों की भी हू-ब-हू नकल कर लेते हैं। तोता, मैना, लायरबर्ड जैसे पक्षी और डॉल्फिन जैसे जलीय जंतु में ये गुण विशेष रूप से पाए जाते हैं। मनुष्य की बोली या फिर किसी आवाज की नकल करने की क्षमता इन जंतुओं की शारीरिक संरचना, मस्तिष्क की संरचना और बुद्धिमत्ता पर निर्भर करती है। इसे विस्तार से जानो-

## विशिष्ट स्वर तंत्र

कुछ पक्षियों में सिरिंक्स नामक एक विशेष अंग स्वरयंत्र होता है, जो उनके श्वास नली में स्थित होता है। यह मनुष्यों के स्वरयंत्र लैरिंक्स से अलग होता है, यह इन पक्षियों में विभिन्न ध्वनियों को उत्पन्न करने में अत्यधिक लचीलापन प्रदान



करता है। तोता, मैना और लायरबर्ड जैसे पक्षियों में सिरिंक्स की मांसपेशियां जटिल ध्वनियों को दोहराने में सक्षम होती हैं। लायरबर्ड का सिरिंक्स तो इतना विकसित होता है कि यह चेनसॉ या कैमरे के शटर जैसी यांत्रिक ध्वनियों की भी नकल कर सकता है। पक्षियों के अलावा डॉल्फिन जैसे कुछ स्तनधारी जंतु नाक के छिद्रों और गले की



मांसपेशियों का उपयोग करके ध्वनियां उत्पन्न करते हैं। ये जीव मानव सीटी या क्लिक्स जैसी ध्वनियों की भी नकल कर सकते हैं। उनकी नकल शब्दों तक सीमित होती है। इन प्राणियों में ध्वनि उत्पन्न करने वाली मांसपेशियों पर उच्च स्तर का नियंत्रण होता है, जिससे वे विभिन्न आवृत्तियों और स्वरों को दोहरा सकते हैं।

## उत्कृष्ट श्रवण क्षमता

आवाज या ध्वनि की नकल करने वाले प्राणी उत्कृष्ट श्रवण क्षमता रखते हैं, जो उन्हें जटिल ध्वनियों को सुनने, विश्लेषण करने और दोहराने में मदद करती है। जैसे अफ्रीकी ग्रे पैरट न केवल शब्दों को दोहराता है, बल्कि उनके स्वर और लहजे को भी कॉपी करता है। लायरबर्ड जैसे पक्षी पर्यावरणीय ध्वनियों को सुनकर उन्हें सटीक रूप से दोहराते हैं।

## मस्तिष्क की बुद्धिमत्ता और स्मृति

कुछ पक्षियों, जैसे अफ्रीकी ग्रे पैरेट और रेवेन में बड़ा और जटिल मस्तिष्क होता है, विशेष रूप से उनका फोरब्रेन क्षेत्र, जो ध्वनियों को सीखने और



याद रखने में मददगार होता है। न्यूरोलॉजिकल अध्ययनों के अनुसार तोते में एक विशेष मस्तिष्क क्षेत्र होता है, जिसे 'सॉन्ग सिस्टम' कहा जाता है। यह क्षेत्र ध्वनियों को सीखने और उन ध्वनियों को दोहराने में मदद करता है। डॉल्फिन में भी बड़ा मस्तिष्क और जटिल न्यूरल नेटवर्क होता है, जो इसे ध्वनियों को समझने और दोहराने में सक्षम बनाता है।

## सामाजिक संपर्क और प्रशिक्षण

कई बार पालतू पक्षी जैसे तोता-मैना आदि मानव संपर्क में रहने के कारण नकल करते हैं। वे बार-बार सुने गए शब्दों या वाक्यांशों को सीख लेते हैं, उन्हें दोहराते हैं। लायरबर्ड जैसे जंगली पक्षी सामान्य तौर पर प्राकृतिक ध्वनियों (जैसे- पशु-पक्षियों की आवाजें या अन्य ध्वनियां, जो उन्हें सुनाई देती हैं) की ही नकल लेते हैं। लेकिन इंसानों के संपर्क में आने पर, इंसानों की आवाज सुनकर लायरबर्ड्स इंसानी बोली की भी नकल कर सकते हैं। *

## क्यों करते हैं नकल



**बच्चो, तुम सोच सकते हो कि ये जंतु आवाजों की नकल क्यों करते हैं?** नकल करने को जो कारण है, वह इन प्राणियों के प्राकृतिक व्यवहार, सामाजिक संरचना और अस्तित्व की रणनीतियों से जुड़ा होता है।

**सामाजिक संवाद:** ज्यादातर पक्षी और डॉल्फिन सामाजिक प्राणी हैं। नकल उनकी सामाजिक संरचना का हिस्सा है, जिसके माध्यम से वे अपने समूह के अन्य सदस्यों के साथ संवाद करते हैं। जैसे तोता और मैना अपने झुंड में पहचान स्थापित करने के लिए विशिष्ट ध्वनियों की नकल करते हैं। पालतू होने पर वे मानव को अपने 'झुंड' का हिस्सा मानकर और कभी-कभी उनसे मैत्री भाव दर्शाने के लिए भी उनकी बोली की नकल करते हैं। डॉल्फिन अपने समूह (पॉड) में संवाद के लिए सीटियां और क्लिक्स का उपयोग करती हैं। मानव ध्वनियों की नकल उनके सामाजिक बुद्धिमत्ता का हिस्सा हो सकती है।

**पर्यावरणीय अनुकूलन:** जंगली पक्षी, जैसे कौए और रेवेन पर्यावरणीय ध्वनियों की नकल करके अपने आस-पास के खतरों या अवसरों को समझते हैं। उदाहरण के लिए वे शिकारियों की आवाज की नकल करके अन्य जानवरों को चेतावनी देते हैं। लायरबर्ड जैसे पक्षी पर्यावरण की ध्वनियों (जैसे पानी की आवाज या अन्य पक्षियों की कॉल) की नकल करके अपने क्षेत्र में छिपने या संवाद करने में मदद लेते हैं।

**बुद्धिमत्ता और जिज्ञासा:** अफ्रीकी ग्रे तोते और डॉल्फिन जैसे प्राणी अत्यधिक बुद्धिमान होते हैं। उनकी जिज्ञासा और सीखने की क्षमता उन्हें नई ध्वनियों को सीखने और दोहराने के लिए प्रेरित करती है। अध्ययनों में पाया गया है कि अफ्रीकी ग्रे तोता 'एलेक्स' न केवल शब्दों को दोहराता था बल्कि उनके अर्थ को समझकर संदर्भ में जवाब देता था, जैसे रंग या आकार के आधार पर वस्तुओं की पहचान करना।

**मानव संपर्क का प्रभाव:** पालतू पक्षी जैसे तोता, मैना और बजरिगर, मानव बोली की नकल इसलिए करते हैं, क्योंकि वे अपने मालिकों के साथ अच्छे संबंध बनाना चाहते हैं। यह उनके सामाजिक लगाव का हिस्सा है। मानव द्वारा प्रशिक्षण और पुरस्कार जैसे भोजन या ध्यान आकर्षण भी उन्हें नकल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

पुलकित ने एक दिन अपनी मां को बताया कि वह बड़ा होकर वैज्ञानिक बनेगा। उसका यह सपना पूरा हो, इसके लिए मां ने उसे जो सूत्र दिया, बच्चो तुम भी जानो, अपने सपने पूरे करो।

# पुलकित का सपना



एआई इमेज



प्रेरक कहानी
नीलम राकेश

बारह साल का पुलकित उस दिन मां के पास आकर बोला, 'मम्मी जी, मैंने फैसला कर लिया है कि मैं बड़ा होकर क्या बनूंगा?'

'अरे वाह! यह तो बहुत अच्छी बात है। क्या सोचा है तुमने?' मां ने उत्सुक होकर पुलकित से पूछा।

'मैं बहुत बड़ा वैज्ञानिक बनूंगा।' पुलकित ने बताया।

'अच्छा तो तुम वैज्ञानिक क्यों बनना चाहते हो?' मां ने जानना चाहा।

'मैं बहुत दिनों से सुन रहा हूं, बड़े लोग बात करते हैं, खेती के लिए जमीन की कमी हो रही है। इस तरह तो अनाज की कमी हो जाएगी। इंसान क्या खाएगा? इसीलिए मैंने सोचा है, मैं वैज्ञानिक बनकर इस समस्या का कोई हल खोजूंगा।' पुलकित थोड़ा गंभीर होकर बोला।

'यह तो बहुत अच्छी बात है। तो तुम खूब मन लगाकर पढ़ाई करो। तभी वैज्ञानिक बनकर तुम अपने सपने को पूरा कर सकोगे।' मां पुलकित के सिर पर प्यार से हाथ फेरते हुए बोलीं।

पुलकित कुछ आश्चर्य से बोला, ' लेकिन मम्मी आप मेरी बात पर हंसी नहीं? जब मैंने अपने दोस्तों को यह बात बताई तो सबने मेरा खूब मजाक उड़ाया। स्कूल में बहुत से बच्चे मुझे देखते ही कहने लगते हैं-आ गए वैज्ञानिक महाशय।'

'यह तो सफलता का पहला लक्षण है। तुम जरूर एक दिन बहुत बड़े वैज्ञानिक बनोगे।' मां ने बेटे का हौसला बढ़ाया।

'वो कैसे..?' पुलकित ने आश्चर्य से मम्मी से पूछा।

'जानते हो बेटा, हमारे जितने भी महान वैज्ञानिक हुए हैं, वे सब आम लोगों से हटकर सोचते थे। क्योंकि वे समय से आगे की सोचते थे। इसलिए लोगों को लगता कि वो जो कह रहे हैं, वह एक पागलपन है। लेकिन आगे जाकर उनका यही पागलपन यानी लक्ष्य पाने का जुनून किसी बड़े आविष्कार का कारण बना। आज लोग तुम पर हंस रहे हैं, क्योंकि वह तुम्हारी बात नहीं समझ पा रहे हैं। बेटा, लोगों का मजाक उड़ाना भूलकर तुम्हें बस अपने ऊपर विश्वास करके खूब मेहनत और गंभीरता से पढ़ाई करनी चाहिए। अपने लक्ष्य के प्रति कटिबद्ध रहना है। देखना एक दिन तुम जरूर सफल होगे।'

मां की बात सुनकर नन्हे पुलकित के चेहरे पर विश्वास की आभा तैर उठी। उसने मन ही मन संकल्प लिया वह वैज्ञानिक बनकर कोई ऐसी खोज जरूर करेगा, जिससे देश में इतना ज्यादा अनाज पैदा हो कि लोगों के लिए इसकी कमी ना हो। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# प्रेरित करती कहानियां

बच्चो, वरिष्ठ लेखक गोविंद शर्मा कई दशकों से रोचक, प्रेरक बाल कहानियां लिख रहे हैं। उनकी 36 प्यारी-प्यारी कहानियों की किताब 'मेरी पसंद की बाल कहानियां', शकुंतला कालरा के संपादन में छपकर हाल में ही आई है। ये कहानियां मनोरंजक तो हैं ही, साथ ही हर कहानी में तुमको कोई न कोई प्रेरणा या शिक्षा भी जरूर मिलेगी। 'सोने का अंडा' कहानी कहती है कि लालच हमेशा बुरा परिणाम ही देता है। 'जल की रानी' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह एक नन्ही बच्ची, खरगोश को स्विमिंग पूल में डूबने से बचा लेती है। कुछ इसी तरह की कहानी है 'छत पर पूल', जिसमें बच्चे चिड़िया को बचाने के लिए छत पर तालाब जैसा बना देते हैं। 'काचू की टोपी' कहानी हंसते-हंसाते बताती है कि हमें सच्चाई का रास्ता कभी नहीं छोड़ना चाहिए। इसी तरह 'जल कंजूस', 'चुटकी भर मिट्टी' और 'पानी में पैसा' जैसी कहानियां पर्यावरण के प्रति सजग बनाती हैं। बच्चो, सभी कहानियां तुम्हें जरूर अच्छी लगेंगी। *




**किताब :** मेरी पसंद की बाल कहानियां-गोविंद शर्मा, **संपादन :** डॉ. शकुंतला कालरा, **मूल्य :** 250 रुपए, **प्रकाशक :** लिटिल बर्ड पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले

**टीचर:** अगर तुम महान काम करोगे, तो तुम्हारा नाम अमर हो जाएगा।
**रमन:** लेकिन सर, मेरे पुराने नाम का क्या होगा?
-श्रेया, रायपुर

**गप्पू:** मेरी बिल्ली अपना नाम खुद बोल सकती है।
**पप्पू:** अच्छा! क्या नाम है तुम्हारी बिल्ली का?
**गप्पू:** म्याऊं।
-अक्षत, बिलासपुर



**टीचर:** तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
**रोहित:** सर, यही कि वे अब इस दुनिया में नहीं हैं।
-सारांश, रोहतक

## जीके क्विज-202

1. आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 का आयोजन कहां किया जाएगा?
2. मार्च 2026 के लिए आईसीसी पुरुष 'प्लेयर ऑफ द मंथ' का खिताब किसने जीता है?
3. हरियाणा के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
4. बोहाग बिहू किस राज्य का प्रसिद्ध उत्सव है?
5. वायुमंडल की कौन-सी परत सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों से हमारी रक्षा करती है?
6. किस शासक ने ग्रैंड ट्रंक रोड का निर्माण कराया था?
7. स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री कौन थे?
8. दालों में सेहत के लिए लाभदायक कौन-सा तत्व प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
9. राज्यसभा का पदेन अध्यक्ष कौन होता है?
10. एनीमिया नामक रोग शरीर में किस तत्व की कमी से होता है?



बच्चो, जीके क्विज-202 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-201 का उत्तर :** 1. दिव्या सिंह, 2. सम्राट चौधरी, 3. ताइक्वांडो, 4. भुवनेश्वर कुमार, 5. 1 मई, 6. कृष्णदेव राय, 7. बैकाल, 8. 12 सदस्य, 9. सिस्मोग्राफ, 10. कावेरी

**जीके क्विज-201 का सही उत्तर देने वाले :** गुंजा-रायपुर, शुभम-बलौदा बाजार, कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, आनंद-सीतापुर, सौम्या-रायगढ़, स्वप्निल-जांजगीर, हेमंत-बिलासपुर, तरुण-रोहतक, कविता-महासमुंद

रिनी, वार्डरोब में अपने कपड़े बड़े ही बेतरतीब ढंग से रखती थी। उसकी इसी लापरवाही पर एक दिन उसके कपड़े, आपस में बात करके अपनी नाराजगी, गुस्सा प्रकट करने लगे। उन्हें इस बात की तकलीफ थी कि वे रिनी से कुछ बोल नहीं सकते। फिर भी क्या रिनी की आदत में कोई सुधार हुआ?

# काश! हम कुछ कह पाते



एआई इमेज

कहानी
इंदिरा त्रिवेदी

लो और कपड़े आ गए वार्डरोब के अंदर! वैसे ही वार्डरोब ठसाठस भरी हुई थी।' कहते हुए रिनी की वार्डरोब में रखी शॉर्ट कुर्ती ने मुंह बनाया। यह देख नया टॉप पहले थोड़ा सकुचाया फिर बोला, 'क्या हुआ बहन, क्या कहना चाह रही हो?'

'कुछ नहीं, तुम नए-नए हो इसलिए कुछ नहीं जानते। कुछ समय बाद तुम्हें अपने आप ही पता चल जाएगा।' शॉर्ट कुर्ती रुक-रुक कर बोली। 'क्या बात है बहन, कुछ तो बताओगी या ऐसे ही पहेलियां बुझाती रहोगी!' नए टॉप ने बात जाननी चाही।

'क्या बताऊं भाई, दरअसल रिनी बहुत लापरवाह लड़की है। कोई भी कपड़ा कहीं भी पटक देती है। कपड़े यहां-वहां पटक देना इसने अपनी आदत ही बना ली है। आज मैं जरूर वार्डरोब में धुली और प्रेस की हुई करीने से रखी हूं, लेकिन पिछले चार दिनों से दरवाजे के पीछे पड़ी धूल खा रही थी। रिनी को जब मम्मी की जोरदार डांट पड़ी, तब उसने मुझे धुलने को दिया और प्रेस होने के बाद मैं आज चैन की सांस ले रही हूं। तुम अभी नए नए हो। धीरे-धीरे सब कुछ जान जाओगे।' शॉर्ट कुर्ती ने अपनी परेशानी बताई। यह सुनकर टॉप सोच में पड़ गया, लेकिन रिनी और घर के अन्य सदस्यों के बारे में जानने की उसकी जिज्ञासा बढ़ गई, बोला, 'अच्छा बहन, रिनी और घर के अन्य सदस्यों के बारे में थोड़ा और बताओ।'

शॉर्ट कुर्ती बोली, 'घर के सदस्यों के बारे में क्या बताऊं भाई। और लोग तो जितने व्यवस्थित हैं, उतनी ही रिनी लापरवाह है। उसकी एक दीदी है, बेचारी अकसर मशीन लगा-लगाकर कपड़े धोती रहती है। मम्मी भी धुले हुए कपड़ों को तह करके जब देखो तब रखती रहती हैं, लेकिन अपने कपड़ों को तो रिनी को खुद ही संभालना चाहिए न। क्यों सही कहा न मैंने?' 'हां, हां बिल्कुल, अपना काम तो स्वयं ही करना चाहिए। और वैसे भी इतनी छोटी थोड़ी है वो जो अपना काम न कर सके।' टॉप बोला।

'वही तो मैं भी कह रही हूं, नाइंथ क्लास में वह आ गई है, कुछ तो अक्ल आ जानी चाहिए न!' कुर्ती भुनभुनाई। 'हूं..!' टॉप ने हां में हां मिलाई। उसके साथ ही वार्डरोब में रखे अन्य कपड़ों ने भी सिर हिलाकर अपनी-अपनी सहमति दी। शॉर्ट कुर्ती ने देखा कि सभी कपड़े उसकी बात को ध्यान से सुन रहे हैं। यह देखकर वह और जोश में आ गई। सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हुए बोली, 'एक बार की बात बताऊं?'

'हां-हां बताओ-बताओ..।' सभी कपड़े एक स्वर में बोले। कुर्ती ने जोश में बताना शुरू किया, 'करीब दो महीने पहले की बात है, रिनी अपने चाचाजी के घर गई थी। चाचाजी की एक बेटी रिनी की हमउम्र है। उस दिन रिनी ने मुझे ही पहना हुआ था। मैंने देखा रिनी के चाचाजी का घर बहुत बड़ा, साफ-सुथरा था। घर की हर चीज करीने से सजी हुई थी। रिनी के चाचाजी की बेटी का नाम सोना है। उसका एक अलग कमरा था। कमरे में उसकी दो अलमारियां थीं। एक किताबों की और दूसरी कपड़ों की। जब रिनी सोना के कमरे में गई तो उसने अपना कमरा दिखाया, साथ में अपनी अलमारियां भी रिनी को दिखाईं। दोनों अलमारियां बहुत अच्छी साफ-सुथरी और व्यवस्थित थीं। कपड़ों की अलमारी में घर के कपड़ों का अलग रैक था। स्कूल के कपड़े, टाई, बेल्ट, मोजे, बैज हर चीज अपनी जगह पर रखी हुई थी। शू-रैक में शूज और चप्पलें करीने से जमे हुए थे। यह सब देखकर मेरी तो आंखें फटी की फटी रह गईं, लेकिन रिनी पर उसका कोई असर नहीं पड़ा। हैरानी की बात तो यह है कि सोना स्वयं अपनी दोनों अलमारी को जमाती है, उसे साफ-सुथरा रखती है।' कुर्ती ने यह भी बताया, 'वैसे यहां मम्मी और दीदी भी अपनी चीजों को अच्छी तरह रखते हैं, लेकिन रिनी ही लापरवाह है। ऐसे में हम कपड़ों की उम्र भी कम हो जाती है।'

तभी एक लाल रंग की फ्रॉक चहकते हुए बोली, 'छोटा मुंह और बड़ी बात, एक बात कहना चाहूंगी कि कपड़े इंसान की शोभा बढ़ाते हैं, यह बात सच है कि नहीं।' अन्य कपड़ों ने भी उसकी बात से सहमति प्रकट की, 'बिल्कुल सही कहा लाल फ्रॉक तुमने।' नए टॉप ने भी कपड़ों का महत्व माना, वह बोला, 'अगर व्यक्ति साफ-सुथरे और प्रेस किए कपड़े पहनता है तो उसका व्यक्तित्व कुछ खास नजर आता है। और तो और, अच्छे और साफ-सुथरे कपड़े पहनने से मनुष्य का आत्मविश्वास भी बढ़ता है।' 'लेकिन इन्हें कैसे समझाएं? काश! हम कुछ कह पाते।' सभी कपड़े एक साथ बोल पड़े। यह चर्चा चल ही रही थी कि कमरे का दरवाजा खुला और रिनी के साथ मम्मी और दीदी भी आ गए। रिनी ने अपनी वार्डरोब जैसे ही खोली, धड़धड़ाते हुए कपड़े जमीन पर गिर पड़े। उसने पलटकर देखा तो मम्मी और दीदी उसे गुस्से में देख रही थीं। रिनी बहुत शर्मिंदा हुई। उसने मन ही मन संकल्प कर लिया कि वह भी अपनी अलमारी को सोना की तरह जमाकर अच्छी तरह रखेगी।

उस दिन के बाद से रिनी सुधर गई और अपने कपड़े ही नहीं, अपनी हर चीज को जगह पर और संभालकर रखने लगी। रिनी की इस बदली आदत से सारे कपड़े खुशी से फूले नहीं समा रहे थे। दीदी और मम्मी-पापा भी रिनी की तारीफ करते नहीं थक रहे थे। *

कविता
राजेंद्र श्रीवास्तव



एआई इमेज

# मच्छर जब आते हैं

रोहन बोला दादा जी से
मच्छर जब आते हैं।
आसपास कानों के आकर
भन-भन-भन्नाते हैं।
जब भी आते खून चूसकर
चुपके से उड़ जाते।
डेंग्यू और मलेरिया ज्वर
ये मच्छर फैलाते।
दादू बोले दोष न इनका
यह है भूल हमारी।
कचरा नमी गंदगी देखो
फैली कितनी सारी।
साफ स्वच्छ जब आसपास का
वातावरण बनेगा।
दूर-दूर तक कोई मच्छर
तो फिर नहीं दिखेगा।

## रंग भरो-200

**रंग भरो-200** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आन्या, दुर्ग



अमोल, बेमेतरा



तोयशराज, रायपुर



आशना, जांजगीर



माही, महासमुंद



आर्यन, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

रियांशी-बहादुरगढ़, विशिका-बिलासपुर, झरना-धमतरी, डॉली-मटियारी, किंजल-जबलपुर, सुमित-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, दिव्या-जांजगीर, कविता-रायपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-हिसार, अंकित-गुना, सुयश-करनाल, रिंकी-बालोद

## रंग भरो 201



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में पिंकी ड्राइंग बना रही है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### दो पिस्तौल और 16 कारतूस सहित दो काबू

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा प्रथम ने अवैध हथियार व कारतूसों के साथ 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज किया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर सीआईए की टीमों ने यह कार्रवाई की। एक टीम ने भापड़ोदा में फ्लाईओवर के नीचे से आरोपी नैतिक को काबू किया। उसके पास देशी पिस्तौल व 16 कारतूस बरामद हुए। जबकि दूसरी टीम ने बाईपास के सर्विस रोड से सुजीत को गिरफ्तार किया। उसके पास भी देशी पिस्तौल मिली। आरोपी हथियार कहां से लाए और किस मकसद से लेकर घूमर रहे थे, ये जांच का विषय है। आरोपियों से पूछताछ जारी है।

### आरटीआई का जवाब न मिलने पर नाराजगी जताई

**बहादुरगढ़।** पारदर्शिता के दावों के बीच आरटीआई के जरिए जानकारी मांगने वाले व्यक्ति को ही अधिकारियों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। व्यक्ति ने समय पर जवाब व सुनवाई की सूचना न देने के आरोप लगाए हैं। सांखोल के निवासी भगवान सिंह का कहना है कि 21 जनवरी को बीडीपीओ बहादुरगढ़ से आरटीआई के तहत जानकारी मांगी थी, लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने 27 फरवरी को जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी के पास अपील दायर की। गत 27 मार्च को अपील की सुनवाई तय थी, लेकिन उन्हें इसकी कोई सूचना नहीं दी गई। बाद में 20 अप्रैल को व्हाट्सएप पर संदेश मिला कि सुनवाई 22 अप्रैल 2026 को होगी। वहीं अधिकारियों ने अपने बचाव में कहा है कि 27 मार्च को मैं सुनवाई में उपस्थित नहीं हुआ। इस दौरान ग्राम सचिव ने लिखित में बयान देकर एक सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा है। राठी का कहना है कि अधिकारी जानबूझकर सूचना नहीं दे रहे और उन्हें बेवजह चक्कर कटवाए जा रहे हैं। गांव में न तो विकास कार्य हो रहे हैं और न ही उनकी जानकारी पारदर्शिता के साथ दी जा रही है।

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव को एचपीवी वैक्सीन जरूरी

**झज्जर।** अभिभावक किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन अवश्य लगवाएं। वैक्सीन सरकार द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है और इसका उद्देश्य बेटियों को गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखना है। अभियान को सफल बनाने के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें तथा स्कूल स्तर पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाएं। यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की वीसी के उपरांत अधिकारियों को दिए। बताया कि यह टीकाकरण अभियान मुख्य रूप से 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों के लिए चलाया जा रहा है। यह वैक्सीन एचपीवी के टाइप-16 और 18 से सुरक्षा प्रदान करती है, जो सर्वाइकल कैंसर के प्रमुख कारण माने जाते हैं, साथ ही टाइप-6 और 11 से भी बचाव करती है। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि स्कूलों में किशोरियों का डाटा तैयार कर स्वास्थ्य विभाग के साथ साझा करें। पीटीएम के दौरान स्वास्थ्य विभाग को आमंत्रित कर अभिभावकों और छात्राओं को जागरूक किया जाए।

# छोटूराम नगर के पास रेलवे लाइन बनी डेथ जोन

- इस साल कुल 18 में से 12 हादसे यहीं हुए, बीते पांच दिन में चार मौत
- विकल्प की कमी, जागरूकता का अभाव व लापरवाही बन रही वजह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

छोटूराम नगर के निकट लगता एरिया दिल्ली-रोहतक रेल लाइन पर हादसों का सबसे बड़ा हॉटस्पॉट बनता जा रहा है। इस साल जीआरपी बहादुरगढ़ क्षेत्र में हुए कुल 18 रेल हादसों में से 12 सिर्फ छोटूराम नगर के पास हुए हैं। हालात इतने गंभीर हैं कि बीते 5 दिनों में यहां 4 लोगों की जान जा चुकी है। टिकरी बॉर्डर से छोटूराम नगर फाटक तक का एरिया सबसे ज्यादा संवेदनशील माना जा रहा है। जीआरपी ने रेलवे लाइन पर आमजन की सीधी एंट्री रोकने के लिए रेलवे को पत्र भी लिखा है, लेकिन अभी तक जमीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई नजर नहीं आई है। दरअसल, रेलवे लाइन के एक तरफ घनी आबादी वाला छोटूराम नगर है, जहां हजारों प्रवासी रहते हैं। जबकि दूसरी ओर औद्योगिक क्षेत्र में बड़ी संख्या में फैक्ट्रियां हैं। आने-जाने के लिए फाटक के अलावा कोई अंडरपास या रेलवे ओवरब्रिज आरओबी नहीं है। फाटक बार-बार बंद रहने और जल्दबाजी के चलते लोग शॉर्टकट अपनाते हुए सीधे रेलवे लाइन क्रास करते हैं, जिससे हादसे हो रहे हैं। सुबह-शाम के समय बड़ी संख्या में लोग लाइन पर चलते नजर आते हैं। कुछ लोग मोबाइल पर बात करते हुए या कानों में ईयरफोन लगाकर ट्रैक पार करते हैं, वहीं कई युवक रेलवे ट्रैक पर रील बनाते भी दिखते हैं। कई मामलों में एक साथ दो-तीन लोगों की मौत भी हो चुकी है। जीआरपी बहादुरगढ़ के अधिकार क्षेत्र में टिकरी बॉर्डर से लेकर खरावड़ तथा झज्जर का एरिया भी शामिल है, लेकिन सबसे ज्यादा हादसे छोटूराम नगर में ही हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक यहां अंडरपास या ओवरब्रिज नहीं बनता, तब तक हादसों पर लगाम लगाना मुश्किल है। इसके साथ ही जागरूकता अभियान और सख्ती की भी जरूरत है, ताकि लोगों की जान बचाई जा सके।


छोटूराम नगर फाटक पर हुए हादसे के दौरान का फाइल फोटो

# झज्जर अनाज मंडी में 4 लाख 5 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद

जिले की अनाज मंडियों और खरीद केंद्रों पर अब तक दो लाख 28 हजार 911 मीट्रिक टन गेहूं की आवक दर्ज हुई

## 2 लाख 57 हजार क्विंटल गेहूं यानी करीब 63 प्रतिशत का हुआ उठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले की अनाज मंडियों में गेहूं की आवक और खरीद निरंतर जारी है। वीरवार को स्थानीय अनाज मंडी में केवल उठान का कार्य ही किया गया। विभागीय आंकड़ों के अनुसार स्थानीय अनाज मंडी में अभी तक 6 लाख 38 हजार क्विंटल गेहूं की आवक दर्ज की गई है, जबकि 4 लाख 5 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। इसके अलावा 2 लाख 57 हजार क्विंटल गेहूं यानी करीब 63 प्रतिशत का उठान हो चुका है।

वहीं, डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि जिले की अनाज मंडियों और खरीद केंद्रों पर अब तक दो लाख 28 हजार 911 मीट्रिक टन गेहूं की आवक दर्ज की गई है, जबकि एक लाख 40 हजार 655 मीट्रिक टन से ज्यादा गेहूं की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि झज्जर अनाज मंडी में 63 हजार 964 मीट्रिक टन, बादली में 16 हजार 677 मीट्रिक टन, ढाकला में 14 हजार 9 मीट्रिक टन, बेरी में 49 हजार 320 मीट्रिक टन, मातनहेल में 35 हजार 599 मीट्रिक टन, माजरा डी खरीद केंद्र पर 20 हजार 613 मीट्रिक टन, छारा में 14 हजार 620 मीट्रिक टन, बहादुरगढ़ में 1 हजार 689 मीट्रिक टन तथा आसौदा में 12 हजार 420 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। वहीं झज्जर मंडी में 34 हजार 993 मीट्रिक टन, बादली में आठ हजार 256 मीट्रिक टन, ढाकला में नौ हजार 791 मीट्रिक टन, बेरी में 24 हजार 532 मीट्रिक टन, मातनहेल में 27 हजार 138 मीट्रिक टन, माजरा डी में 15 हजार 717 मीट्रिक टन, छारा में नौ हजार 79 मीट्रिक टन, बहादुरगढ़ में 1 हजार 397 मीट्रिक टन तथा आसौदा में नौ हजार 752 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद दर्ज की गई है।


झज्जर। अनाज मंडी में उठान कार्यों में जुटे श्रमिक। फोटो : हरिभूमि

## बहादुरगढ़ में उठान तेज, आसौदा में धीमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

क्षेत्र की अनाज मंडियों में गेहूं की आवक और उठान को लेकर अलग-अलग स्थिति देखने को मिल रही है। जहां बहादुरगढ़ मंडी में उठान तेज गति से जारी है, वहीं आसौदा मंडी में आवक घटने के बावजूद उठान अभी पीछे चल रहा है। वीरवार को बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में 18 गेट पास जारी होने के बाद 564 क्विंटल गेहूं की आवक दर्ज की गई। वहीं आसौदा मंडी में 35 गेट पास कटने के बाद 1595 क्विंटल गेहूं पहुंचा। सीजन की कुल आवक पर नजर डालें तो बहादुरगढ़ मंडी में अब तक 17 हजार 275 क्विंटल गेहूं आ चुका है, जबकि आसौदा मंडी में यह आंकड़ा काफी अधिक रहते हुए एक लाख 36 हजार 962 क्विंटल तक पहुंच गया है। सरकारी खरीद की बात करें तो बहादुरगढ़ मंडी में 16 हजार 44 क्विंटल गेहूं खरीदा जा चुका है। दूसरी ओर आसौदा मंडी में अब तक एक लाख 5 हजार 638 क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है। उठान की स्थिति में बहादुरगढ़ मंडी आगे है, जहां 81.70 प्रतिशत गेहूं का उठान हो चुका है। जबकि आसौदा मंडी में यह आंकड़ा 46.80 प्रतिशत ही है। हालांकि बहादुरगढ़ की मंडी में आसौदा मंडी के अपेक्षाकृत फसल बेहद कम आई है। आसौदा मंडी में अब गेहूं की आवक अब धीरे-धीरे कम हो रही है, लेकिन इसके बावजूद आधे से अधिक गेहूं का उठान अभी बाकी है।


झज्जर। पोस्टर दिखाते प्रतियोगिता के प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाकर दिया पर्यावरण के संरक्षण का संदेश

- विद्यालय परिसर में किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल बिरड में पृथ्वी दिवस उत्साह व जागरुकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा पृथ्वी संरक्षण शपथ लेकर की गई, जिसमें सभी ने पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। प्ले से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए विशेष गतिविधियों का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने पौधरोपण किया। इसके उपरांत छठी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, जल बचाओ, वृक्षारोपण एवं स्वच्छता जैसे विषयों पर पोस्टर बनाकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छठी से आठवीं कक्षा तक के वर्ग में याशिका, नीरज एवं मुस्कान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नौंवी से बारहवीं कक्षा तक के वर्ग में तमन्ना, दीया व कशिश ने प्रथम स्थान हासिल किया। कैंब्रिज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन एडवोकेट शरद राव व प्राचार्य डॉक्टर मनजीत कुमार ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया।

## आंगनबाड़ी वर्कर्स को नौ माह से नहीं मिला मानदेय, केंद्रों पर अनाज भी पूरा नहीं

- आंगनबाड़ी वर्कर हेल्पर यूनियन की प्रदेशाध्यक्ष छोटा गहलावत ने लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

हरियाणा बाल विकास विमेन आंगनबाड़ी वर्कर हेल्पर यूनियन की प्रदेशाध्यक्ष छोटा गहलावत ने बताया कि आंगनबाड़ी वर्कर और हेल्पर को पिछले नौ माह से मानदेय नहीं मिल रहा। मानदेय के अभाव में आंगनबाड़ी वर्कर्स को घर चलाने में कठिनाई आ रही है। दूसरी तरफ आंगनबाड़ी केंद्रों में पिछले दो माह से पोषाहार भी वितरित नहीं हो पा रहा। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर कच्ची मूंगफली बहुत अधिक भेज दी गई है जिनकी खपत अब अगले छह माह तक नहीं होगी। जब उन्हें वितरित करने का समय आएगा तब तक वे खराब हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि गेहूं व चावल की सप्लाई न होने पर भी आंगनबाड़ी वर्कर्स पर दबाव बनाया जा रहा है कि वे फेस कैपचरिंग का काम करें, लेकिन फेस कैपचरिंग करने के बाद लाभार्थी के पास ओटीपी जाएगा और लाभार्थी पोषाहार के लिए आंगनबाड़ी केंद्र में आएगा। राशन न होने की स्थिति में उनको आंगनवाड़ी वर्कर संतोषजनक जवाब नहीं दे पाएंगी। उन्होंने कहा कि वे आंगनबाड़ी भवनों का किराया भी अपनी जेब से भरने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा एक तरफ तो सरकार बोल रही है कि एनीमिया दूर भगाएं, लेकिन सिर्फ घोषणाएं कागजों में रह जाती हैं, धरातल पर कुछ नहीं हो पाता। उन्होंने कहा कि सरकार समय रहते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करें नहीं तो प्रदेश भर की आंगनबाड़ी वर्कर व हेल्पर आंदोलन को मजबूर होंगी।

## भजन मंडलियों के जरिए महिलाओं तक पहुंच रहीं जनकल्याणकारी योजनाएं

**झज्जर।** सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की भजन पार्टियां गांव-गांव जाकर नारी शक्ति वंदन के संदेश के साथ केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर रही हैं। उपनिदेशक एवं जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी अमित पंवार ने बताया कि वीरवार को गांव फतेहपुरी, सुरहेती, कसार, आसंडा, कडौदा, रणखंडा, जहादपुर, खखाना, शाहपुर व देशलपुर में भजन पार्टियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।


झज्जर। विकास गीतों के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए भजन पार्टी कलाकार। फोटो : हरिभूमि

## न्यूज डायरी


झज्जर। शिक्षकों के साथ मंच पर उपस्थित पेंटिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागी।

### भाषण, लेखन व पेंटिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**झज्जर।** कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पहली व दूसरी के विद्यार्थियों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इनके अलावा छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए भाषण, लेखन तथा पेंटिंग प्रतियोगिताएं कराई गईं। इसी क्रम में विद्यार्थियों को आवर पावर आवर प्लेनेट विषय पर आयोजित वेबिनार भी दिखाया गया। इस वेबिनार के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा बचत के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय निर्देशक धर्मेंद्र जून ने विद्यार्थियों को पृथ्वी दिवस के महत्व बारे अवगत कराते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया।


बहादुरगढ़। छारा कॉलेज में जनगणना का महत्व समझाते डॉ. मनोज कुमार।

### विद्यार्थियों को जनगणना का महत्व समझाया

**बहादुरगढ़।** छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में वीरवार को जनगणना 2027 तथा स्वगणना विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. सविता पुनिया के मार्गदर्शन में राजनीतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष मोहित द्वारा आयोजित व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. मनोज कुमार ने जनगणना के महत्व, इसकी प्रक्रिया तथा देश के विकास में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. मनोज कुमार ने स्वगणना की अवधारणा को विस्तार से समझाते हुए बताया कि डिजिटल माध्यमों के जरिए नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सरल बनती है। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक नागरिक के रूप में जनगणना में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। मोहित ने बताया कि स्वगणना का समय 16 अप्रैल से 30 अप्रैल है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रुचिपूर्वक भाग लिया तथा विषय से संबंधित प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा का समाधान किया।


झज्जर। समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनते एडीसी जगनिवास।

### एडीसी ने सुनीं समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं

**झज्जर।** वीरवार को आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में एडीसी जगनिवास ने लोगों की शिकायतें सुनी और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, पारदर्शी एवं संतोषजनक निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य आम नागरिकों को एक ही स्थान पर उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान उपलब्ध करवाना है, ताकि उन्हें विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित लगभग छह शिकायतें दर्ज की गईं।


बहादुरगढ़। वीरवार को शिविर में आमजन की समस्याएं सुनते एसडीएम अभिनव सिवाच। फोटो : हरिभूमि

### उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर में आईं 7 शिकायतें

**बहादुरगढ़।** लघु सचिवालय में वीरवार को आयोजित उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर में एसडीएम अभिनव सिवाच ने आमजन की समस्याएं सुनते हुए शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। शिविर में परिवार पहचान पत्र, शिक्षा विभाग, बिजली निगम, पुलिस विभाग, डीटीपी विभाग से संबंधित 7 शिकायतें प्राप्त हुईं। एसडीएम अभिनव सिवाच ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं संतोषजनक निपटारा सुनिश्चित किया जाए। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित समाधान करना है, ताकि लोगों को विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस अवसर पर तहसीलदार सुदेश मेहरा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**आज झज्जर आएंगे दुष्यंत चौटाला (बहादुरगढ़)।** पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला शुक्रवार सायं 4 बजे झज्जर के जजपा कार्यालय में बैठक लेंगे। जेजेपी जिलाध्यक्ष एवं जिला पार्षद संजय दलाल ने बताया कि हिसार में दुष्यंत चौटाला के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर जनता में रोष है। 27 को हिसार की महापंचायत को लेकर वह कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, पुष्पा देवी (Pushpa Devi) पत्नी श्री सुरेंद्र सिंह, निवासी मकान नंबर-609, गली नंबर-5A, देव नगर, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा घोषणा करती हूं कि अनुज्ज सिंह (Anujj Singh) मेरा वास्तविक पुत्र है तथा उसकी जन्म तिथि 09-03-2011 है। मेरे पुत्र का नाम उसके जन्म प्रमाण पत्र में अनुज गुलिया (Anuj Gulia) दर्ज है। मैं चाहती हूं कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में अनुज गुलिया (Anuj Gulia) के स्थान पर अनुज्ज सिंह (Anujj Singh) नाम संशोधित (सही) किया जाए, ताकि भविष्य में सभी कार्यों के लिए यही नाम मान्य हो।

## डीसी ने गुरुकुल के पुरातत्व संग्रहालय का किया दौरा, संचालक से ली जानकारी

# पांडुलिपियां राष्ट्रीय धरोहर, सुनिश्चित करेंगे संरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत जिले में संचालित राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वे को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के उद्देश्य से डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने वीरवार को गुरुकुल के पुरातत्व संग्रहालय का दौरा किया। उन्होंने संग्रहालय में संरक्षित दुर्लभ पांडुलिपियों, प्राचीन सिक्कों, अभिलेखों एवं ऐतिहासिक प्रतिमाओं का गहन अवलोकन किया और उनके महत्व की जानकारी गुरुकुल महाविद्यालय के संचालक आचार्य विजयपाल से प्राप्त की। उन्होंने बताया कि ये प्राचीन पांडुलिपियां और वस्तुएं भारतीय सभ्यता की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की जीवंत झलक प्रस्तुत करती हैं और शोध के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। डीसी ने संग्रहालय में संरक्षित धरोहरों की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वे का मुख्य उद्देश्य ऐसी अमूल्य विरासत की पहचान, संरक्षण और दस्तावेजीकरण सुनिश्चित करना है, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी रह सकें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में उपलब्ध सभी प्राचीन पांडुलिपियों का सर्वे कार्य गंभीरता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए।


झज्जर। पुरातत्व संग्रहालय में रखीं प्राचीन वस्तुओं का अवलोकन करते डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

## डीसी ने गोकुल धाम परिसर में श्री किशोरी कामधेनु गोमाता का किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने गोकुल धाम चिकित्सालय का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने घायल पशुओं के उपचार, ओपीडी सुविधा, एक्सरे, फार्मेसी कक्ष, आईसीयू, परिसर की साफ-सफाई तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गोकुलधाम में श्री किशोरी कामधेनु गाय की विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि व नागरिकों के कल्याण की कामना की। उन्होंने गोसेवा को भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण परंपरा बताते हुए कहा कि गो संरक्षण और संवर्धन के लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर कार्य करना चाहिए। गोकुलधाम के संरक्षक सुनील निमाना ने बताया कि गो चिकित्सालय में घायल गो माता के अलावा अन्य जीवों की देखभाल की जा रही है तथा जरूरतमंद व असहाय गोवंश को प्राथमिकता के आधार पर चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाती है।


झज्जर। गोकुल धाम में श्री किशोरी कामधेनु गोमाता का पूजन करते डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल।

## खबर संक्षेप

### प्रयोगिक परीक्षा व साक्षात्कार स्थगित

**बहादुरगढ़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) बहादुरगढ़ में जिन कोपा व्यवसाय की पासआउट छात्राओं ने अप्रेंटिस प्रशिक्षु के लिए आवेदन किया था। उनकी 22 अप्रैल को होने वाली प्रयोगिक परीक्षा व साक्षात्कार प्रशासनिक कारणों के चलते आगामी आदेशों तक स्थगित कर दी गई है। आईटीआई महिला बहादुरगढ़ की इंचार्ज सुदेश कुमारी ने बताया कि प्रयोगिक परीक्षा व साक्षात्कार की आगामी तिथि बारे आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को सूचित कर दिया जाएगा।



### स्वास्थ्य जांच शिविर में ग्रामीणों ने उठाया लाभ

**झज्जर।** वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज रिसर्च एंड हॉस्पिटल गिरावड़ द्वारा क्षेत्र के गांव बोड़िया में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अस्पताल के मेडिसिन विभाग, सर्जरी, नेत्र रोग, ईएनटी, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। बड़ी संख्या में लोगों ने शिविर में पहुंच कर अपनी स्वास्थ्य जांच कराई।



### सुलेख प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**झज्जर।** एचडी स्कूल में वीरवार को सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सहगामी क्रियाओं की इंचार्ज कमलेश ढिल्लों ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में शुद्ध, स्पष्ट एवं कलात्मक लेखन के प्रति रुचि जागृत करना रहा। प्रतियोगिता में दूसरी कक्षा से महावीर व कशिश, तीसरी से अयान व रिया, चौथी से दिव्यांशी व पृथ्वी, कक्षा पांचवीं से अंकित व किंजल, छठी से प्राची व वांशिका, सातवीं से अनीश व लक्ष्या, आठवीं से पलक, नौवीं से चार्वी व हिमांशी तथा दसवीं कक्षा से लक्ष्य व हेमलता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

---

पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने निकाली सद्भावना यात्रा, ग्वालिसन गांव से हुई शुरुआत

# हुड्डा गुट के कांग्रेस विधायकों ने यात्रा से बनाई दूरी, बृजेंद्र बोले- मैं समाज को जोड़ने चला हूं

*कहा-दस दिनों में यात्रा का समापन होगा और उम्मीद है कि राहुल गांधी जरूर शामिल होंगे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा वीरवार को झज्जर विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश कर गई। यात्रा की शुरुआत ग्वालिसन गांव से हुई। इसके बाद यह यात्रा तलाव गांव, भगत सिंह चौक, छिक्कारा चौक, आंबेडकर चौक, राव तुलाराम चौक होते हुए बार एसोसिएशन कार्यालय में पहुंची और उन्होंने वकीलों से मुलाकात की। इससे पूर्व उन्होंने महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यकर्ताओं ने यहां उनका जोरदार स्वागत किया। लेकिन खास बात यह देखने को मिली कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित बेरी, झज्जर और बादली विधानसभा के तीनों विधायकों ने यात्रा से दूरी बनाए रखी। यह तीनों विधायक पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा गुट से माने जाते हैं। गौरतलब है कि सद्भाव यात्रा में पूर्व सीएम हुड्डा भी एक बार भी शामिल नहीं हुए हैं। इस दौरान पत्रकारों से रूबरू होते हुए



झज्जर। सद्भावना यात्रा में शामिल कार्यकर्ता और पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह।



झज्जर। सद्भावना यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं से रूबरू होते हुए पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह।

पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने भाजपा पर समाज में जहर घोलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा समाज में जहर घोलकर अपनी राजनीति साधने का काम कर रही है। कांग्रेस व उनकी इस सद्भावना यात्रा का मकसद इसी राजनीति का मुकाबला करना है। उन्होंने अपनी यात्रा को तप बताते हुए कहा कि समाज को जोड़ने के लिए किया गया यह प्रयास किसी भी तरह से गलत नहीं है। यात्रा में कांग्रेस के बड़े नेताओं की गैर मौजूदगी को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि वह न तो विधायक हैं, और न ही सांसद बल्कि सिर्फ कांग्रेस का झंडा लेकर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह व्यक्तिगत स्तर पर समाज को जोड़ने की पहल है। उन्होंने कहा कि आगामी दस दिनों में यात्रा का समापन होगा और उम्मीद है कि राहुल गांधी यात्रा में जरूर शामिल होंगे। इस दौरान उदयभान पूनिया, विनोद बाला धनखड़, नीटी गहलौत, मेहर सिंह, सुदेश कौशिक, एडवोकेट विनोद गुर्जर, चिराग लोहचब सहित अन्य भी मौजूद रहे।

---

## महिला सशक्तिकरण देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मुख्य वक्ता सुमित्रा चौहान एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार को भाजपा द्वारा नारी शक्ति सशक्तिकरण एवं महिला आरक्षण से जुड़े विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया और महिलाओं के अधिकारों को लेकर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सोशल वेलफेयर बोर्ड की पूर्व चेयरपर्सन सुमित्रा चौहान ने शिरकत की। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने महिलाओं को समान अवसर देने और उन्हें निर्णय प्रक्रिया में भागीदार बनाने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं, लेकिन हाल ही में संसद में महिला सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक को विपक्ष द्वारा गिराया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह केवल एक विधेयक की हार नहीं, बल्कि देश की लगभग 70 करोड़ महिलाओं के विश्वास के साथ विश्वासघात है। उन्होंने कहा कि संसद में जो हुआ, उससे यह स्पष्ट हो गया कि कौन नारी शक्ति के साथ खड़ा है और कौन उनके अधिकारों के रास्ते में बाधा बन रहा है।

### महिला के अधिकारों से नहीं किया जाएगा समझौता

कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने नारी शक्ति को सशक्त बनाने के संकल्प को दोहराया और यह संदेश दिया कि महिलाओं के अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस दौरान महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सोमवती जाखड़, नप चेयरपर्सन बहादुरगढ़ सरोज राठी, मीडिया प्रभारी गीतांशु चावला सहित अन्य भी मौजूद रहे।

---

## डीएमसी ने नप में व्यवस्था का लिया जायजा



बहादुरगढ़। नगर परिषद कार्यालय का निरीक्षण करते डीएमसी अभिनव सिवाच।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

जिला नगर आयुक्त (डीएमसी) अभिनव सिवाच ने वीरवार को नगर परिषद कार्यालय का निरीक्षण कर विभिन्न शाखाओं के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में चल रही व्यवस्थाओं, जनसेवा से जुड़े कार्यों तथा नागरिकों को दी जा रही सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया।

डीएमसी अभिनव सिवाच ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि आमजन को किसी भी कार्य के लिए बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें और सभी सेवाएं समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा कार्यप्रणाली में सुधार लाकर जनसंतोष बढ़ाया जाए। उन्होंने विभिन्न शाखाओं से संबंधित कार्यों की विस्तार से जानकारी ली और साथ ही शीघ्र निपटान के निर्देश दिए। कर्मचारियों को जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। डीएमसी ने स्पष्ट किया कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## अंग्रेजी डिक्लेमेशन प्रतियोगिता में जय डागर रहा प्रथम



झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित प्रतियोगिता के प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एमआर सीनियर सेकेंडरी स्कूल हसनपुर में वीरवार को अंग्रेजी दिवस के उपलक्ष्य में नौवीं व ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी डिक्लेमेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजिका ऋतु दहिया ने बताया कि प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने समसामयिक एवं प्रेरणादायक विषयों पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। प्राचार्या नेहा शर्मा ने कहा कि ऐसी गतिविधियां न केवल भाषा कौशल को मजबूत बनाती हैं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विद्यालय निदेशिका संगीता कोडान ने अंग्रेजी भाषा को वैश्विक संवाद का प्रमुख माध्यम बताते हुए विद्यार्थियों को अपने कौशल को निखारने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में नेहा शर्मा व नीरज बेनीवाल शामिल रहे। प्रतियोगिता में जय डागर ने प्रथम, आरजू ने द्वितीय तथा विधि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को स्कूल प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया।

## न्यूज डायरी

### रिवाड़ी खेड़ा स्कूल में करवाया योगाभ्यास



**बहादुरगढ़।** गांव रिवाड़ी खेड़ा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में योगाचार्य जगदीश कुमार सहवाग द्वारा वीरवार को निःशुल्क योग एवं प्राणायाम शिविर का आयोजन किया गया। स्कूल प्राचार्या सीमा रानी की अध्यक्षता में लगे शिविर में रवि कुमार, डॉ. गोविंद, मंजू, नेहा, मुकेश व सविता आदि ने सहयोग किया। योगाचार्य जगदीश कुमार ने विद्यार्थियों को अष्टांग योग के साथ-साथ देशभक्ति, माता-पिता की सेवा, प्रकृति संरक्षण तथा शिक्षा के महत्व से अवगत करवाया। उन्होंने विद्यार्थियों को निडर, निर्भय, साहसी, जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनकर राष्ट्र की प्रगति एवं उन्नति में अपना योगदान देने का आह्वान किया। जगदीश कुमार ने बताया कि योग एक विज्ञान है, जो हमें परोपकार, संतुलन, धैर्य, एकाग्रता और स्थिरता का

### विद्यार्थियों ने अंग्रेजी भाषा पर डाला प्रकाश



**झज्जर।** आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, दादनपुर में अंग्रेजी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा पांचवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। पांचवीं और छठी के विद्यार्थियों ने रैपिड फायर क्विज, सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अंग्रेजी कविता वाचन, आठवीं के विद्यार्थियों ने अंग्रेजी भाषण की प्रस्तति दी। कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों ने प्रसिद्ध साहित्यकार वीलियम सेक्सपीयर की जीवनी को एक रचनात्मक कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया। ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने अंग्रेजी भाषा की विशेषताओं और उसके महत्व पर प्रकाश डाला। बारहवीं के विद्यार्थियों ने इंटरव्यू विषय पर अपनी प्रस्तुति दी। इस मौके पर शिक्षा समिति सदस्या सीजू गहलावत ने कहा कि अंग्रेजी भाषा केवल एक विषय नहीं, बल्कि दुनिया से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण साधन है।

### स्लोगन लेखन स्पर्धा में प्रथम रही कनिका



**बहादुरगढ़।** सोनीपत के टीकाराम महिला महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फेमस कोट्स इन मैथमेटिक्स विषय पर हुई राष्ट्रीय स्तरीय स्पर्धा में वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा कनिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कनिका ने नारा दिया कि गणित केवल संख्याएं नहीं है, यह वह कविता है, जिसके माध्यम से ब्रह्मांड अपने रहस्यों को रचता है। प्राचार्या डॉ राजवंती शर्मा ने कनिका को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। यह उपलब्धि कनिका की परिश्रम का रचनात्मक गुण है और समर्पण का उदाहरण है। कनिका की यह सफलता अन्य छात्राओं को प्रेरणा देगी। उन्होंने गणित विभागाध्यक्ष स्वीटी गोयल व रॉकी को भी बधाई दी।

### प्रगति सैनिक स्कूल के छात्रों की शानदार सफलता



**झज्जर।** प्रगति सैनिक स्कूल बिरधाना के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर विशेष सम्मान समारोह आयोजित कर चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस वर्ष 14 विद्यार्थियों ने खेल स्कूल राई में प्रवेश प्राप्त किया है, जिनमें आयशा, माधवी, अखिल, वंशिका दहिया, हनिका, जय, कृष, मानवी सिवाच, हर्षुल, कार्तिक, आर्यन, पुष्प, जतिन एवं वैभव शामिल हैं। इसके अतिरिक्त छह विद्यार्थियों का चयन सैनिक स्कूल में हुआ है तथा पांच विद्यार्थियों ने गुरुकुल कुरुक्षेत्र में प्रवेश हासिल किया है।

### सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरूक



**बहादुरगढ़।** सैनिक पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें यातायात थाना प्रभारी सतीश कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को सड़क नियमों के पालन का महत्व समझाया। उन्होंने हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, तेज गति से वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा ट्रैफिक संकेतों का पालन करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उन्होंने उत्तर भी दिया। प्रधानाचार्य बीएल भारद्वाज ने ट्रैफिक विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं।

---

### होनहार विद्यार्थियों में वितरित की किताबें



झज्जर। किताबों के साथ उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी।

**झज्जर।** एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पुस्तक दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य निधि कादियान व प्रबंधक केएम डागर ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक किताबें प्रदान की। इस दौरान स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, योजित गुलिया, भविष्य दहिया ने विद्यार्थियों को किताबों से नाता जोड़ने व पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा, अनिल गुलिया, प्रियंका यादव सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया

**बहादुरगढ़।** झज्जर रोड पर शिव मंदिर के पास स्थित पीर बाबा स्थल पर भंडारे का आयोजन किया गया। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम अहलावत द्वारा आयोजित इस भंडारे में काफी श्रद्धालु पहुंचे और श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में कई संत, महात्माओं ने भी हिस्सा लिया। अहलावत ने बताया कि पीर बाबा के स्थान पर हर वर्ष भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसमें कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहता है। इस बार भी सभी कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और व्यवस्थाओं को सफल बनाया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना और भंडारे से हुई।



बहादुरगढ़। महात्माओं को प्रसाद वितरित करते राम अहलावत।

## सीएम से सैनी धर्मशाला बनवाने की मांग



बहादुरगढ़। नायब सैनी से सैनी धर्मशाला बनवाने की मांग करते जसबीर सैनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

भाजपा नेता एवं राष्ट्रीय सैनी सभा के हरियाणा अध्यक्ष जसबीर सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से दिल्ली में मुलाकात कर झज्जर में सैनी समाज की धर्मशाला के लिए भूमि देने पर आभार जताया। साथ ही बहादुरगढ़ शहर के सेक्टर-9/9ए में पड़ी शामलात भूमि पर सैनी धर्मशाला बनवाने और बहादुरगढ़ में महात्मा ज्योतिबा फुले के नाम से किसी भी चौक का नाम रखने की मांग रखी। उन्होंने अवैध कॉलोनियों तथा जनसंवाद की शिकायतों के निपटारे में हो रही खानापूर्ति से भी उन्हें अवगत करवाया।

### आंबेडकर चौक बनवाने की भी मांग उठाई

**बहादुरगढ़।** दिल्ली के हरियाणा भवन में संत कबीर बस्ती संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने सीएम नायाब सैनी से मुलाकात की। उन्होंने वेस्ट जुआं ड्रेन रोड पर बिजलीघर के सामने वाले चौक को भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर के नाम पर विकसित करवाने की मांग की। प्रस्ताव पारित करने के बावजूद नगर परिषद ने कोई टेंडर नहीं लगाया है। सीएम ने जल्द आंबेडकर चौक बनवाने का आश्वासन दिया है।



बहादुरगढ़। सीएम नायब सैनी को मांग पत्र सौंपते प्रदीप कुमार।

---

देर रात तक जागने, अनियमित खाने व कम शारीरिक गतिविधि से बढ़ रही बीमारी

# बदलती लाइफस्टाइल के कारण युवाओं का लीवर हो रहा फैटी

20–30 साल की उम्र में ही रुटीन चेक-अप के दौरान सामने आ रही फैटी लीवर की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



हमारी बदलती लाइफस्टाइल के अंतर्गत काम करने के तरीके, खाने की आदतें और आराम के पैटर्न के दुष्परिणामस्वरूप 20–30 साल की उम्र में ही रूटीन चेक-अप के दौरान फैटी लीवर की समस्याएं सामने आ रही है। चिंता की बात यह है कि कई ऐसे युवा भी इसकी चपेट में आ रहे हैं, जो पारंपरिक रिस्क फैक्टर्स में फिट नहीं बैठते।

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल शालीमार बाग के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. पीयूष गुप्ता ने बताया फैटी लिवर के पीछे एक बड़ी वजह इनविजिबल मेटाबॉलिक स्ट्रेस है। अनियमित खाना, बिना भूख के बार-बार स्नैकिंग, खाने का गलत समय और काम-आराम के बीच संतुलन की कमी आदि शरीर के मेटाबॉलिज़्म को प्रभावित करते हैं। साथ ही आज का वर्क कल्चर भी एक बड़ी वजह है। युवा प्रोफेशनल्स दिन में 8 से 12 घंटे तक बैठे रहते हैं। भले ही कुछ लोग एक्सरसाइज करते हों, लेकिन लगातार बैठने से होने वाले नुकसान की भरपाई नहीं हो पाती। शरीर को नियमित मूवमेंट की जरूरत होती है, और जब यह कम हो जाती है, तो शरीर ऊर्जा को खर्च करने के बजाय स्टोर करने लगता है। डॉ. पीयूष ने आगे बताया कि नींद की अनियमितता भी इस समस्या को बढ़ाती है।

### लक्षण और बचाव के उपाय

फैटी लिवर के शुरुआती लक्षण अक्सर बहुत हल्के होते हैं और नजरअंदाज हो जाते हैं। बिना कारण थकान महसूस होना, खाने के बाद भारीपन, रोजमर्रा के कामों में जल्दी थक जाना या दिनभर ऊर्जा का स्थिर न रहना। इस स्थिति से निपटने के लिए बड़े बदलावों की नहीं, बल्कि संतुलन लौटाने की जरूरत है। नियमित समय पर खाना, दिनभर में थोड़ी-थोड़ी शारीरिक गतिविधि शामिल करना, अच्छी और नियमित नींद लेना, सुविधा-आधारित आदतों पर निर्भरता कम करना और काम-आराम के बीच स्पष्ट सीमा बनाना प्रभावी कदम हैं। दिनचर्या को सुधारकर हम लंबे समय तक लिवर समेत ओवरऑल हेल्थ को सुरक्षित रख सकते हैं।